# यूपीईएस : प्रेसिडेंट्स कप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

देहरादून, 2 मई (नवोदय टाइम्स) : खेल भावना, सामुदायिक जुड़ाव और समग्र विकास के जीवंत उदाहरण के रूप में, यूपीईएस ने प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया। पहला प्रेसिडेंट्स कप और वार्षिक स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवार्ड्स। इन दोनों पहलों ने नेतृत्व, मेंटरशिप और समावेशिता के मूल्यों पर आधारित एक समृद्ध खेल संस्कृति के निर्माण की दिशा में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

यूपीईएस ने बिधोली परिसर के आधुनिक क्रिकेट ग्राउंड में प्रेसिडेंट्स कप का पहला संस्करण आयोजित किया। जिसमें छात्रों की टीम स्टूडेंट-12 और फैकल्टी एवं स्टाफ की टीम फैकल्टी-स्टाफ-12 के बीच मुकाबला हुआ। इस अवसर पर यूपीईएस के सहयोगी संगठन हाइड्रोकार्बन एजुकेशन एंड रिसर्च सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. शरद मेहरा और यूपीईएस के प्रेसिडेंट डॉ. सुनील राय सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। मैच के समापन पर विजेता टीम को रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की गई।

डॉ. सुनील राय ने कहा कि यह पहल हमारी उस सोच का विस्तार है जो पारंपरिक सीमाओं से परे जाकर सीखने को बढ़ावा देती है। प्रेसिडेंट्स कप एक प्रकार से 'फ्लिप्ड क्लासरूम' है, जहां छात्र और शिक्षक आपसी अनुभवों से एक-दूसरे से सीखते हैं। यह सम्मान, सहयोग और सामुदायिक भावना को बढ़ाने की दिशा में एक प्रयास है।

यह टूर्नामेंट यूपीईएस की विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं में किए गए निवेश को भी दर्शाता है, जिनमें

## कार्यक्रम में मेंटरशिप को बढ़ावा और खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया


फ्लडलाइट ग्राउंड, ट्रेनिंग सेंटर और फिटनेस सुविधाएं शामिल हैं, जो साल भर छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती हैं।

स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवार्ड्स ने छात्र-खिलाड़ियों की मेहनत, जुनून और उपलब्धियों का जश्न मनाया। माता-पिता की उपस्थिति में, समारोह में 9 महिला और 12 पुरुष खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसमें मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, मोस्ट एमर्जिंग प्लेयर और सभी प्रतिभागियों को सराहा गया। क्रिकेट से आर्यन कपूर और वॉलीबॉल से चित्रा शर्मा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। स्कूल ऑफ बिजनेस और स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज एवं मीडिया की संयुक्त टीम ट्राइडेंट टाइटन्स को इंटर-स्कूल टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी मिली।

विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती सितारों, राघवी बिष्ट और नंदिनी कश्यप को भी समर्थन दिया है, जिसमें प्रोफेशनल खेल उपकरण और वित्तीय सहायता शामिल है। खेल संस्कृति को मजबूत बनाने में डॉ. अमरीश टोनी, निदेशक – खेल विभाग, की अहम भूमिका रही है। यूपीईएस 'प्रोजेक्ट विजय' के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों को 100 प्रतिशत तक ट्यूशन शुल्क की छात्रवृत्ति भी देता है, जिससे खेल में रुचि रखने वाले छात्रों को शिक्षा और करियर में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। साथ ही, यूपीईएस हर वर्ष शहीदों के परिजनों के लिए आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के माध्यम से उन्हें छात्रवृत्तियां भी प्रदान करता है, यह दिखाते हुए कि शिक्षा और खेल मिलकर सशक्तिकरण का माध्यम बन सकते हैं।

बीते वर्षों में, यूपीईएस ने खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। हाल ही में, वर्तमान छात्र आर्यन कपूर बीसीसीआई से संबद्ध सीनियर मेन्स इंटर-डिस्ट्रिक्ट लीग में देहरादून का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले यूपीईएस छात्र बने हैं।

पूर्व छात्रों में दीया चोपड़ा और सिजल मान ने 18वीं उत्तराखंड स्टेट इंटर-कॉलेज शूटिंग चैंपियनशिप में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता नवनीत सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय यूपीईएस को लगातार प्रेरणा और सहयोग को दिया।



*यूपीईएस में प्रेसिडेंट्स कप में शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त करने वाली खिलाड़ी।*